# शिक्षा निदेशालय

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

# वार्षिक परीक्षा अभ्यास प्रश्न पत्र

# 2025-26

# कक्षा XII

# इतिहास (०२७)

निर्धारित समय: 3 घंटे अधिकतम अंक: 80

सामान्य निर्देश:

निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए:

(i) इस प्रश्न पत्र में 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र पांच खंडों में विभाजित है - खंड क, ख, ग, घ और ङ।

(iii) खंड क - प्रश्न संख्या 1 से 21 तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड ख - प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखें।

(v) खंड ग - प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखें।

(vi) खंड घ - प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप -प्रश्नों वाले स्रोत-आधारित प्रश्न हैं. प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।

(vii) खंड ङ - प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल है। यह प्रश्न 5 अंकों का है। मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें।

(viii) प्रश्न पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खंड ख, ग, और घ में आंतरिक विकल्प का प्रावधान किया गया है। परीक्षार्थी को इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखना है।

(ix) इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो तथा मानचित्र आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर सिर्फ दृष्टिबाधित परीक्षार्थी लिखें।

## खंड क

## (बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न)

21x1=21

1. महाभारत के उस पात्र की पहचान कीजिए जिसके बारे में निम्नलिखित जानकारी दी गई है:

- जो निषाद था
- जिसने द्रोणाचार्य को अपना गुरु माना
- जिसने गुरु दक्षिणा के रूप में अपना दायाँ अंगूठा द्रोणाचार्य को दे दिया

(a) घटोत्कच (b) एकलव्य (c) नकुल (d) सहदेव

2. निम्नलिखित में से किसके द्वारा यह वचन कहे जाने का विश्वास किया जाता है: “तत्परता से, अपने उद्धार का प्रयत्न स्वयं करो।”

(a) महावीर (b) बुद्ध (c) सिगाल (d) आनंद

3. निम्नलिखित में से प्रभावती गुप्ता के बारे में कौन-सा कथन सही है?
   (a) वह एक गुप्त वंश की रानी थी।
   (b) उसके पास संसाधनों की कोई पहुँच नहीं थी।
   (c) उसने अभिजात वर्ग को भूमि दान की।
   (d) वह चन्द्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी।

4. बुद्ध के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सत्य हैं?
   (i) बुद्ध शाक्य कुल के एक प्रमुख के पुत्र थे।
   (ii) उनका पालन-पोषण संघ के भीतर हुआ था।
   (iii) उन्हें जीवन की कठोर वास्तविकताओं के बारे में बताया गया था।
   (iv) जब उन्होंने एक वृद्ध व्यक्ति और एक बीमार व्यक्ति को देखा, तो वे अत्यंत व्यथित हुए।
   सही विकल्प चुनिए:
   (a) (i) और (ii) (b) (ii) और (iii) (c) (i) और (iv) (d) (ii) और (iv)

5. बनावली, जो हड़प्पा संस्कृति का एक प्राचीन स्थल है, वर्तमान भारत के किस राज्य में स्थित है?
   (a) पंजाब (b) हरियाणा (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

6. निम्नलिखित में से कौन पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (ASI) के प्रथम महानिदेशक थे?
   (a) आर. ई. एम. व्हीलर (b) जॉन मार्शल (c) दयाराम साहनी (d) अलेक्ज़ेंडर कनिंघम

7. निम्नलिखित में से किसने ब्राह्मी लिपि को पढ़ा?
   (a) हरिषेण (b) मेगस्थनीज (c) जेम्स प्रिन्सेप (d) कौटिल्य

8. रिक्त स्थान भरिए –

मुगल प्रशासनिक व्यवस्था में एक सर्वोच्च सैन्य और नौकरशाही ढांचा ___________ था, जो नागरिक और सैन्य कार्यों को देखता था।

(a) इक्तादारी प्रणाली (b) मनसबदारी प्रणाली (c) अमर-नायक प्रणाली (d) इजारेदारी प्रणाली

9. निम्नलिखित में से कौन-सा यात्री यूरोप वापस नहीं गया और भारत में ही बस गया?
   (a) बर्नियर (b) मनूच्ची (c) दुर्ते बारबोसा (d) रोबर्टो नोबिली

10. निम्नलिखित को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प चुनिए:
    (i) सालुव वंश के सैन्य कमांडरों को तुलुव वंश ने प्रतिस्थापित किया।
    (ii) कृष्णदेव राय ने उड़ीसा के शासकों को परास्त किया।
    (iii) तालीकोटा के युद्ध ने विजयनगर साम्राज्य का अंत कर दिया।
    (iv) हरिहर और बुक्का ने विजयनगर साम्राज्य की स्थापना की।
    सही विकल्प चुनिए:
    (a) (iv), (i), (iii), (ii)
    (b) (iv), (i), (ii), (iii)
    (c) (iv), (iii), (ii), (i)
    (d) (iv), (ii), (i), (iii)

11. निम्नलिखित में से किस स्थान पर बृहदीश्वर मंदिर स्थित है?
    (a) बीजापुर (b) बेलूर (c) विजयनगर (d) तंजावुर

12. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में । इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

अभिकथन (A): 'आईन-ए-अकबरी' 16वीं-17वीं शताब्दी के कृषि इतिहास को जानने का प्रमुख स्रोत है।

कारण (R): इस ग्रंथ में राज्य द्वारा की गई कृषि व्यवस्था, राजस्व संग्रह और राज्य व ज़मींदारों के बीच संबंधों का सूक्ष्म विवरण मिलता है।

(क) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) अभिकथन (A)) का सही स्पष्टीकरण है।

(ख) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R) अभिकथन (A)) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(ग) अभिकथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(घ) अभिकथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

13. 1857 के विद्रोह के समय लखनऊ में नेता कौन था?

(a) बिरजिस क़द्र (b) औरंगज़ेब (c) बहादुर शाह ज़फ़र (d) नाना साहब

14. निम्नलिखित घटनाओं का मिलान कीजिए:

| सूची I (घटना) | सूची II (संबंध) |
|---|---|
| (i) पाँचवीं रिपोर्ट | 1. ज़मींदारी व्यवस्था |
| (ii) दक्कन दंगा आयोग | 2. रैयतवाड़ी व्यवस्था |
| (iii) दामिन-इ-कोह | 3. संथाल बस्ती |
| (iv) अमेरिकी गृहयुद्ध | 4. कपास उछाल |

सही विकल्प चुनिए:

(a) i–2, ii–1, iii–3, iv–4
(b) i–3, ii–2, iii–1, iv–4
(c) i–1, ii–4, iii–2, iv–3
(d) i–4, ii–3, iii–1, iv–2

15. निम्नलिखित में से कौन गांधीजी का राजनीतिक गुरु थे?

(a) दादाभाई नौरोजी (b) लाला लाजपत राय (c) गोपालकृष्ण गोखले (d) बाल गंगाधर तिलक

16. संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' किसने प्रस्तुत किया था?

(A) डब्ल्यू. सी. बनर्जी (B) गोविंद बल्लभ पंत (C) के. एम. मुंशी (D) जवाहरलाल नेहरू

17. रिक्त स्थान को उपयुक्त विकल्प से भरिए:
_______________ की सलाह पर गांधीजी ने एक वर्ष ब्रिटिश भारत की यात्रा में बिताया, जिससे वे देश और उसके लोगों को जान सकें।
(A) बाल गंगाधर तिलक (B) बिपिन चंद्र पाल (C) लाला लाजपत राय (D) गोपालकृष्ण गोखले

18. गांधीजी ने चरखे को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में क्यों चुना?
निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए:
(A) गांधीजी ने चरखे को सत्य का प्रतीक माना।
(B) गांधीजी ने चरखे को गरीबों का प्रतीक माना।
(C) गांधीजी ने चरखे को मानव समाज का प्रतीक माना।
(D) गांधीजी ने चरखे को आत्मनिर्भरता का प्रतीक माना।

19. निम्नलिखित सूचनाओं की सहायता से 1857 के विद्रोह के नेता की पहचान कीजिए:
- दिल्ली के शासक थे
- अंतिम मुगल शासक थे
- ब्रिटिशों के विरुद्ध 1857 के विद्रोहियों को वैधता प्रदान की

(a) बहादुर शाह ज़फ़र (b) शाह आलम (c) मुहम्मद शाह (d) वाजिद अली शाह

20. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे?
(a) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (b) महात्मा गांधी (c) सरदार पटेल (d) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

21. दिए गए विकल्पों में से चित्र की सही पहचान कीजिए:



a) धोलावीरा में जलाशय
(b) लोथल में जलाशय
(c) हड़प्पा में जलाशय
(d) बालाकोट में जलाशय

खंड ख

(लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

6X3=18

22. हड़प्पा सभ्यता के बारे में जानने के लिए किन्हीं तीन स्रोतों का वर्णन कीजिए।

अथवा

हड़प्पा के जल निकासी तंत्र की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

23. “मगध सबसे शक्तिशाली महाजनपद था।” इस कथन का परीक्षण कीजिए।

24. कार्ल मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एशियाई उत्पादन पद्धति की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए।

25. विजयनगर साम्राज्य के जल संसाधनों की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

26. “जोतदारों की शक्ति ज़मींदारों की तुलना में अधिक प्रभावी थी।” इस कथन को उपयुक्त तर्कों सहित न्यायसंगत ठहराईए।

27. “कला और साहित्य ने 1857 की स्मृति को जीवित रखने में सहायता की।” भारतीय दृष्टिकोण से उदाहरणों सहित समझाइए।

अथवा

“अफवाहों और भविष्यवाणियों ने 1857 के विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।” इस कथन को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए।

## खंड ग

(दीर्घउत्तरीय प्रकार के प्रश्न)

3x8=24

28. 'महाभारत इतिहासकारों के लिए प्रारम्भिक समाजों की सामाजिक प्रथाओं और मानदंडों का अध्ययन करने हेतु एक अमूल्य स्रोत है'। इस कथन को उचित ठहराइए।

अथवा

महाभारत को भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे समृद्ध ग्रंथ माना गया है। जब इतिहासकार ग्रंथों का विश्लेषण करते हैं, तो वे किन तत्वों पर विचार करते हैं? महाभारत के संदर्भ में समझाइए।

29. उन प्रमाणों की जांच कीजिए जो यह दर्शाते हैं कि भूमि-राजस्व मुगल वित्तीय व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग था।

अथवा

मुगल कृषि समाज में ज़मींदारों की स्थिति का वर्णन कीजिए।

30. "भारत छोड़ो आंदोलन वास्तव में एक जन आंदोलन था।" इस कथन को उचित ठहराइए।

अथवा

गांधीजी के राजनीतिक जीवन और राष्ट्रीय आंदोलन के इतिहास का पुनर्निर्माण किन-किन प्रकार के स्रोतों से किया जा सकता है? परीक्षण कीजिए।

## खंड घ

## (स्त्रोत आधारित प्रश्न)

3X4=12

31. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

### स्वजन के मध्य लड़ाई क्यों हुई?

यह उद्धरण संस्कृत महाभारत के *आदिपर्वन्* (प्रथम अध्याय) से है और कौरव पांडव के बीच हुए संघर्ष का चित्रण करता है:

कौरव...धृतराष्ट्र के पुत्र थे और पांडव उनके बांधव जन थे। चूँकि धृतराष्ट्र नेत्रहीन थे अत: उनके अनुज पांडु हस्तिनापुर के सिंहासन पर आसीन हुए... किंतु पांडु की असामयिक मृत्यु के बाद धृतराष्ट्र राजा बने, क्योंकि सभी राजकुमार अल्पवयस्क थे। जैसे-जैसे राजकुमार बड़े हुए हस्तिनापुर के नागरिक पांडवों के प्रति अपनी अभिरुचि व्यक्त करने लगे क्योंकि वे कौरवों के मुकाबले अधिक योग्य और सदाचारी थे। इस बात से कौरवों में ज्येष्ठ, दुर्योधन को बहुत ईर्ष्या हुई। वह अपने पिता के पास गया और बोला, "हे भूपति, अपूर्णता के कारण आपको सिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं था हालाँकि यह आपको प्राप्त हो गया। यदि पांडव पांडु से यह विरासत प्राप्त करते हैं तो उनके बाद उनके पुत्र, पौत्र और फिर प्रपौत्र इस पैतृक संपत्ति के अधिकारी हो जाएँगे और हम तथा हमारे पुत्र इस राज्य के उत्तराधिकार से बेदखल होकर संसार में क्षुद्र समझे जाएँगे।"

इस तरह के उद्धरण अक्षरश: सत्य न भी हों तो भी वे इस बात का अनुमान करा देते हैं कि जिन लोगों ने यह ग्रंथ लिखा वे क्या सोचते थे। कभी-कभी, जैसे यहाँ, प्रकरणों में परस्पर विरोधी विचार मिलते हैं।

31.1 हस्तिनापुर में साथ-साथ बड़े होते समय दुर्योधन को पांडवों से किस बात से ईर्ष्या होती थी? 1

31.2 दुर्योधन के अनुसार, यदि पांडवों को राजगद्दी विरासत में मिलती, तो उसका और उसके वंशजों का क्या होता? 1

31.3 यह स्त्रोत हमें इस बारे में क्या बताता है कि महाभारत के लेखक राजपरिवारों में सत्ता, उत्तराधिकार और ईर्ष्या को किस दृष्टि से देखते थे? 2

32. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

**हौज़ों/जलाशयों का निर्माण किस प्रकार होता था?**

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में पेस लिखता है:

> राजा ने एक जलाशय बनवाया... दो पहाड़ियों के मुख-विबर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो, इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी श्रृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे। यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है। जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; ये ऊपरी भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के पानी लाते हैं। इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया... जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हज़ार आदमी थे, चीटियों की तरह...

32.1 पेस के अनुसार, कृष्णदेव राय ने तालाब का निर्माण कहाँ करवाया था? 1

32.2 पाइपों के माध्यम से तालाब में पानी कितनी दूर से लाया जाता था? 1

32.3 तालाब के निर्माण में कितने लोग शामिल थे? वे कैसे दिखते थे? 2

33. दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

### "जी नहीं, असली अल्पसंख्यक इस देश की जनता है"

जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत किए गए उद्देश्य प्रस्ताव का स्वागत करते हुए एन.जी. रंगा ने कहा था :

महोदय, अल्पसंख्यकों के बारे में बहुत बातें हो रही हैं। असली अल्पसंख्यक कौन हैं? तथाकथित पाकिस्तानी प्रांतों में रहने वाले हिंदू, सिख और यहाँ तक मुसलमान भी अल्पसंख्यक नहीं हैं। जी नहीं, असली अल्पसंख्यक तो इस देश की जनता है। यह जनता इतनी दबी-कुचली और इतनी उत्पीड़ित है कि अभी तक साधारण नागरिक के अधिकारों का लाभ भी नहीं उठा पा रही है। स्थिति क्या है? आप आदिवासी इलाकों में जाइए। उनके अपने कानूनों, उनके जनजातीय कानूनों, उनकी ज़मीन को उनसे नहीं छीना जा सकता। लेकिन हमारे व्यापारी वहाँ जाते हैं, और तथाकथित मुक्त बाज़ार के नाम पर उनकी ज़मीन छीन लेते हैं। भले ही कानून ज़मीन की इस बेदखली के खिलाफ हो, व्यापारी इन आदिवासियों को तरह-तरह के बंधनों में जकड़कर गुलाम बना लेते हैं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी दासता के नर्क में ढकेल देते हैं। आइए अब आम गाँव वालों को देख लेते हैं। वहाँ सूदखोर पैसा लेकर जाता है और गाँव वालों को अपनी जेब में डाल लेता है। वहाँ ज़मींदार हैं और मालगुजार व अन्य लोग हैं जो इन गरीब देहातियों का शोषण करते हैं। इन लोगों में मूलभूत शिक्षा तक नहीं है। असली अल्पसंख्यक यही लोग हैं जिन्हें सुरक्षा और सुरक्षा का आश्वासन मिलना चाहिए। उन्हें आवश्यक सुरक्षा प्रदान करने के लिए केवल इस प्रस्ताव से काम चलने वाला नहीं है...।

*संविधान सभा बहस, खंड 2*

33.1 एन.जी. रंगा के अनुसार, भारत में वास्तविक अल्पसंख्यक कौन थे? 1

33.2 रंगा के अनुसार, साधारण ग्रामीणों का शोषण किस प्रकार किया जाता था? 1

33.3 रंगा ने वास्तविक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए क्या सुझाव दिया था? 2

## खंड ङ

(मानचित्र आधारित प्रश्न)

5X1=5

34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त चिन्हों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए: 3

a. लोथल - एक हड़प्पा स्थल

b. बोधगया - एक बौद्ध स्थल

c. लखनऊ - 1857 के विद्रोह का केंद्र

अथवा

कोलकाता - 1857 के विद्रोह का केंद्र


34.2 इसी रेखा मानचित्र पर A और B नाम से दो स्थान अंकित किए गए हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के केन्द्र हैं। उन्हें पहचानिए तथा उनके पास खींची गई रेखाओं पर उनके सही नाम लिखिए। 2

नोट: निम्नलिखित प्रश्न, प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए है। 5

34.1. (क) किन्हीं दो प्रमुख बौद्ध स्थलों के नाम लिखिए। 2

34.2. अशोक साम्राज्य के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

34.3. प्राचीन भारत के किन्हीं दो महाजनपदों के नाम लिखिए। 2


INDIA
OUTLINE MAP WITH STATES
& UNION TERRITORIES
B
A